PROSE

Class X II Language Hindi Important Questions For The Annual Examination.

१. शत्रु को प्रेम से जीतो

I. प्रश्न उत्तर

प्र.१. जनमेजय ने क्यों नागों की हत्या करना आरंभ किया ?

उ. महाभारत काल की बात है, जनमेजय के पिता का नाम परिक्षित था । वे हस्तिनापुर रे राजा थे । इनकी हत्या एक नाग जाति के युवक तक्षक ने की । हत्यारे को पकड़ लाने के लिए गुप्तचरों को नियुक्त किया गया । पर हत्यारा पकड़ा नहीं गया । इसलिए क्रोध में आकर जनमेजय नागों की हत्या करने का आदेश दिया । इस प्रकार नाग यज्ञ आरंभ किया ।

प्र.२. राजा के सैनिकों ने क्यों अपनी तलवारें म्यानों में रख ली ?

उ. आस्तिक मुनि की बातों से प्रभावित होकर नाग जाति के लोगों ने अपने -अपने अस्त्र - शस्त्र फेंक दिए, इससे प्रसन्न होकर आस्तिक मुनि निहत्थे ही नागों के साथ हस्तिनापुर चल पड़े । राजा जनमेजय को यह समाचार मिला की आस्तिक मुनि नागों के साथ हस्तिनापुर आ रहें है, तुरन्त वे अपने सैनिकों को आदेश देते है कि समस्त नागों का वध किया जाय । आदेश पाकर सैनिक आगे बढ़े । किन्तु मुनि के साथ जुलुस में निहत्थे नागों पर तलवार चला नहीं पाये । नागों को निहत्थे आते हुए देखकर वे विस्मित हो गये । सैनिकों के सिर मुनि के आगे श्रध्दा से झुक गये । उन्होने अपनी तलवारों म्यानों में रख ली ।

प्र.३. नाग पंचमी का त्योहार कौन सी स्मृति दिलाता है ?

उ. राजा जनमेजय नाग यज्ञ रोकने के बाद आर्य और नाग जातियों की आपसी वैर समाप्त हुआ । उसी दिन से नाग आर्य देवता विष्णु की पूजा करना आरंभ किये और आर्य लोग नाग पूजा करने लगे । इस प्रकार यह त्योहार दोनों जातियों के पवित्र प्रेम का संदेश देता है ।

प्र.४. राजा जनमेजय का दिल कैसे बदल गया ?

या

आस्तिक मुनि ने महाराजा जनमेजय का मन कैसे बदल डाला ?

उ. महाभारत काल की बात है, जनमेजय के पिता का नाम परिक्षित था । वे हस्तिनापुर रे राजा थे । राजा जनमेजय के पिता की हत्या एक नाग जाति के युवक तक्षक ने की । राजा पिता के हत्यारे पर क्रोधित थे । उसे मार डालने की बड़ी कोशिश की, मगर असफल रहा । नाग जाति का समूल नाश ही राजा का ध्येय रहा । राजा से डर कर नागजाति के लोग आस्तिक मुनि की शरण में गयें । मुनि ने उन्हें अहिंसा वादी बनाया । शत्रु को प्रेम से जीतना उन्हें सिखाया । आस्तिक मुनि नागों के साथ हस्तिनापुर पहुँचे । आपसी मैत्री के लिए मुनि को साथ लेकर नाग जाति के लोग राजा के पास गये । वे निहत्थे गये थे । नागों को निहत्थे

देख कर सैनिकों ने मुनि के आगे श्रध्दा से झुक गये और अपनी तलवारें म्यानों में रख ली । राजा जनमेजय के सामने नागों का प्रदर्शन देखकर मुनि मुग्ध हो गये । वे राजा से कहते है कि एक व्यक्ति के लिए समस्त नाग जाति की हत्या करना अन्याय है । नागों का गला काटने से पहले आप मेरा गला काट दीजिए । मैं दोनों में से किसी का नाश नहीं देख सकता। मुनि के त्याग और नाग जाति के प्रति प्रेम ने राजा की आँखें खोल दी । दोनों जातियों के बीच प्रेम पैदा हो गया । इस प्रकार राजा जनमेजय का मन बदल गया ।

I. मुहावरों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

१. आग बबुला होना - क्रोधित होना ।
महात्मा लोग अन्याय को देखकर आग बबुला हो गये ।

२. खून की होली खेलना - अधिक मारकाट करना ।
आतंकवादी खून की होली खेलते है ।

३. शत्रुता मोल लेना - दुश्मन बना लेना ।
रावण ने राम से शत्रुता मोल ली थी ।

४. आँखें खुलना - सच्चाई का पता लगना ।
अच्छी पुस्तकें पढ़ने से हमारी आँखें खुलती है ।

५. पुलकित होना - बहुत प्रसन्न होना ।
प्राकृतिक सुन्दरता को देखकर मेरा मन पुलकित हो उठा ।

II. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों को बहुवचन में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।

१. भारत की सेना सीमा प्राँत की रक्षा करती है ।
उ. भारत की सेनाएँ सीमा प्राँत की रक्षा करती है ।

२. मैं हत्या का अनुमोदन नहीं कर सकता ।
उ. हम हत्या का अनुमोदन नहीं कर सकते ।

३. अध्यापक विद्यार्थी की शंका दूर करता है ।
उ. अध्यापक विद्यार्थियों की शंका दूर करता है ।

III. वाच्य बदलकर लिखिए ।

१. राम पुस्तक पढ़ता है ।
उ. राम से पुस्तक पढ़ी जाती है ।

२. मैं चावल खाता हूँ ।
उ. मुझ से चावल खाया जाता है ।

३. सीता ने भोजन किया होगा ।
उ. सीता से भोजन किया गया होगा ।

IV. निम्न वाक्यों को भविष्यकाल में लिखिए ।

१. लड़के गेंद खेलते है ।
उ. लड़के गेंद खेलेंगे ।

२. मेरा मित्र कुछ नहीं पढ़ता ।
उ. मेरा मित्र कुछ नहीं पढ़ेगा ।

V. उल्टे शब्द लिखिए ।

१.	कोमल	X	कठोर	७.	राजा	X	रंक
२.	शत्रुता	X	मित्रता	८.	स्मरण	X	विस्मरण
३.	प्यार	X	नफरत	९.	निकट	X	दूर
४.	अपराध	X	निरपराध	१०.	दण्ड	X	पुरस्कार
५.	प्रेम	X	द्वेष , घृणा	११.	जीवन	X	मरण
६.	बढ़ना	X	घटना	१२.	आर्शीवाद	X	अभिशाप

VI. लिंग बदलिए ।

१. युवक - युवती २. राजा - रानी ३. पिता - माता

VII. उपसर्ग लिखिए ।

१. सहमत - सह २. उपदेश - उप ३. संपूर्ण - सम् ४. अहिंसा - अ

VIII. प्रत्यय लिखिए ।

१. शत्रुता - ता　　२. सैनिक - इक

IX. संधि विच्छेद कीजिए ।

१. तपोबल = तपः + बल

२. हिंसावृत्ति = हिंसा + वृत्ति

X. वस्तुनिष्ठ प्रश्न - उत्तर ।

१. " शत्रु को प्रेम से जीता " कथा किस काल की बात है ?

उ. महाभारत

२. राजा जनमेजय के पिता का नाम क्या था ?

उ. परिक्षित

३. तक्षक किस जाति का युवक था ?

उ. नागजाति

४. तक्षक को पकड़ने के लिए जनमेजय ने किनको नियुक्त किया ?

उ. गुप्तचरों को ।

५. जनमेजय ने कौन सा यज्ञ आरंभ किया ?

उ. नागयज्ञ

६. नाग जाति के लोग किस मुनि के आश्रम में गये ?

उ. आस्तिक मुनि

७. मनुष्य का जीना - मरना किसके हाथ में है ?

उ. ईश्वर

८. आस्तिक मुनि के माता - पिता कौन थे ?

उ. पिता - आर्य युवक, माता - नाग कन्या ।

९. जनमेजय कहाँ राज्य करते थे ?

उ. हस्तिनापुर

१०. किसकी धमनियों में आर्य तथा नाग जातियों का रक्त प्रवाहित हो रहा है ?
उ. आस्तिक मुनि

११. हमारी शंका का क्या कारण है ?
उ. मन का भय ।

१२. आस्तिक मुनि ने जनमेजय को कौन सा संदेश दिया ?
उ. शांति और अहिंसा ।

१३. नाग - जाति तथा आर्य जाति दोनों किस देश की संतान है ?
उ. भारत देश ।

१४. आस्तिक मुनि ने जनमेजय को कौन - सी नीति समझायी ?
उ. दण्ड नीति ।

१५.

१६. " शत्रु को प्रेम से जीतो " कैसा पाठ है ?
उ. नीति कथा ।

१७. आर्य लोग दिल से कैसे होते है ?
उ. कोमल

१८. किसने अपनी तलवारे अपने म्यानों में रख ली ?
उ. आर्य सैनिक ने ।

१९. नागपंचमी का त्योहार किन दो जातियों का पवित्र प्रेम का स्मरण दिलाता है ?
उ. नाग और आर्य जाति ।

२०. आर्य जाति में किसकी पूजा का प्रचार बढ़ा ?
उ. नाग

***